37वाँ सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला

चर्चा में क्यों?

37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में गुजरात के साधु बेट द्वीप पर स्थित **स्टैच्यू ऑफ यूनिटी** की 182 मीटर ऊँची प्रतिकृति पर्यटकों के लिये आकर्षण का केंद्र बनी रही।

मुख्य बिंदु:

- मूर्तिकार **राम वी. सुतार** द्वारा तैयार की गई और वर्ष 2018 में जनता के लिये अनावरण की गई स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में कार्य करती है।
    - इस भव्य मूर्तिकला के माध्यम से, राजनीतिक एकीकरण में **सरदार वल्लभभाई पटेल** की महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट रूप से चित्रित किया गया है।
- **पर्यटक गुजरात के प्रमुख पर्यटन गाँव** के रूप में प्रशंसित **धोर्डो** के स्टॉलों की ओर भी आकर्षित हुए।
    - मेले के दौरान, आगंतुकों ने उत्सुकता से गाँव के स्टाल पर प्रदर्शित प्रसिद्ध गरबा नृत्य के क्षणों को कैद किया, जो गुजरात की जीवंत संस्कृति को उजागर करता है।
- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, **वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)** द्वारा गरबा को एक महत्त्वपूर्ण **सांस्कृतिक प्रतीक** के रूप में मान्यता देना **गुजरात की विरासत** में इसके महत्त्व को रेखांकित करता है। यह सम्मान सामाजिक समावेश और एकता को बढ़ावा देने में गरबा की भूमिका पर ज़ोर देता है, खासकर **नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव** के दौरान।

गुजरात का 'धोर्डो' - सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव

- धोर्डो को **संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव** का प्रतिष्ठित खिताब प्रदान किया गया है। **उज़्बेकिस्तान के समरकंद** में UNWTO द्वारा आयोजित बेस्ट टूरिज़्म विलेज-2023 पुरस्कार समारोह में धोर्डो को यह खिताब मिला।
- यह गाँव अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प और प्रसिद्ध **रण उत्सव** के कारण एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है।
- UNWTO कुछ मानदंडों को पूर्ण करने वाले गाँवों को **"सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गाँव"** का खिताब प्रदान करता है।
    - इसके मानदंडों में **स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति एवं धरोहर को संरक्षित करना, पर्यटकों के लिये एक सुरक्षित एवं स्वागत योग्य वातावरण प्रदान करना तथा आगंतुकों को अतुलनीय अनुभव प्रदान करना शामिल है।**
    - इसके अतिरिक्त गाँव में एक **सुविकसित पर्यटन बुनियादी ढाँचा** मौजूद है और यह ज़िम्मेदार पर्यटन प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

- **स्टैच्यू ऑफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊँची (182 मीटर) मूर्ति है।** यह **चीन की स्प्रिंग टेम्पल बुद्ध प्रतिमा (Spring Temple Buddha statue)** से 23 मीटर ऊँची तथा अमेरिका में स्थित **स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी** (93 मीटर लंबा) की ऊँचाई की लगभग दोगुनी है।
- जनवरी 2020 में इसे **शंघाई सहयोग संगठन में आठ अजूबों** में शामिल किया गया था

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/37-th-surajkund-international-crafts-fair